# चेतना

सोमवार
बिहार
04 अगस्त 2025
Monday
वर्ष : 4
प्रादेशिक संस्करण

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित

04-Aug-2025 से 09-Aug-2025





संपादकीय
चेतना सत्र
~~सोमवार~~
मंगलवार
बुधवार
गुरुवार
शुक्रवार
~~शनिवार~~
संविधान
समय सारणी
दैनिक शैक्षणिक कैलेण्डर (वर्ग I - V)
पीएम पोषण योजना
~~सुरक्षित शनिवार~~





भारत के कानून एवं न्याय मंत्री

**श्री अर्जुन राम मेघवाल**

बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री

**श्री विजय कुमार मंडल**

अगस्त 2025

| सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | र. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

4 अंतिम श्रावणी सोमवार
9 रक्षाबंधन
15 स्वतंत्रता दिवस
16 श्री कृष्ण जन्माष्टमी
26 हरि तालिका व्रत (तीज व्रत)







## चेतना

*"टीचर्स ऑफ बिहार"* द्वारा प्रकाशित *"चेतना"* साप्ताहिक पत्रिका बिहार के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के शैक्षिक बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इसमें सम्मिलित सामग्री शिक्षकों को विद्यालय के दैनिक कार्य में मदद करती है। आइए, हम सब मिलकर इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनकर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा दें।


## हमारे महान विभूति



**भारत के प्रथम प्रधानमंत्री**

### जीवन परिचय

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | जवाहरलाल नेहरू |
| जन्म | : | 14 नवंबर 1889 |
| जन्म स्थान | : | इलाहाबाद , उत्तर-पश्चिमी प्रांत |
| पिता | : | मोतीलाल नेहरू |
| माता | : | स्वरूप रानी नेहरू |
| पति/पत्नी | : | कमला नेहरू |
| शिक्षा | : | डॉक्टरेट |
| अवार्ड | : | भारत रत्न (1955) |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| मृत्यु | : | 27 मई 1964 (आयु 74) |


राज्य के इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-27 के लिए 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा तीन चरणों में नामांकन सूची जारी करने के उपरांत

रिक्त सीटों पर अब स्पॉट नामांकन की सुविधा दी जा रही है।

-: विद्यार्थी जो स्पॉट नामांकन के तहत नामांकन लेंगे :-

- वैसे विद्यार्थी जिनका चयन किसी भी चयन सूची में नहीं हुआ है।
- वैसे विद्यार्थी जिन्होंने अभी तक OFSS के माध्यम से आवेदन नहीं किया है।
- वैसे विद्यार्थी जिन्होंने OFSS में चयन होने के बाद भी नामांकन नहीं लिया है।

-: स्पॉट नामांकन के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ :-

(i) दिनांक 04.08.2025 को संस्थानों में रिक्त सीटों का विवरण OFSS वेबसाईट पर अपलोड।
(ii) दिनांक 04.08.2025 से 05.08.2025 तक स्पॉट नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन।
(iii) दिनांक 06.08.2025 से 10.08.2025 के बीच स्पॉट नामांकन।
(iv) नामांकन के बाद संबंधित संस्थानों द्वारा दिनांक 11.08.2025 तक नामांकित विद्यार्थियों की सूची OFSS पोर्टल पर Update किया जाएगा।

- उक्त प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाईन नंबर : 0612-2230009 पर संपर्क किया जा सकता है।

Follow @ @officialbseb biharschoolexaminationboard








**चेतना टीम**

समस्तीपुर

पिन - 848207 (बिहार)

मो. +91 9473119007

Email : chetanastr@gmail.com

https://t.me/TeacherHelpline


https://www.teachersofbihar.org/


नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।









# चेतना सत्र (मंगलवार)

चेतना

05 अगस्त 2025 | Tuesday | मंगलवार | 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 | वर्ष 04

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

इतनी शक्ति हमें देना दाता मनका विश्वास कमज़ोर हो ना
हम चलें नेक रास्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना...
इतनी शक्ति...
दूर अज्ञान के हो अन्धेरे तू हमें ज्ञान की रौशनी दे
हर बुराई से बचके रहें हम जितनी भी दे, भली ज़िन्दगी दे
बैर हो ना किसी का किसी से भावना मन में बदले की हो ना...
इतनी शक्ति...
हम न सोचें हमें क्या मिला है हम ये सोचें किया क्या है अर्पण
फूल खुशियों के बाटें सभी को सबका जीवन ही बन जाये मधुबन
अपनी करुणा का जल तू बहा दे करदे पावन हर इक मन का कोना...

इतनी शक्ति हमें देना दाता, मनका विश्वास कमज़ोर हो ना...

### अभियान गीत

हम प्राथमिक विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे हैं।
शैतानी करते हैं खूब दिल के लेकिन सच्चे हैं।।
साफ सफाई से रहने को मैम ने हमे बताया है।
खुले मे शौच बुरी आदत है,हमको ये समझाया है।
हॉथ धोकर खाना खाते ,बच्चे वे ही अच्छे हैं। हम प्राथमिक .....
देश हमारा भारत हमको देश से प्रेम करना है।
हर व्यक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।
सपने हैं हिम्मत है हममे , उम्र मे थोड़े कच्चे हैं। हम प्राथमिक......
गांव प्रदेश देश बनता है ,गांव अभी भी पिछड़े हैं।
बेटी बोझ समझते सब है , गलत सोच मे जकड़े हैं।
महिलाओ के विकास पथ पे अभी भी सैकड़ो गच्चे हैं। हम प्राथमिक.......
अच्छी बाते सीख सीख विद्यालय से हम आते हैं।
कहीं ना पाया ऐसा ज्ञान विद्यालय मे पाते हैं।
स्कूल चलो सब साथी मिलकर, स्कूल ही साथी सच्चे है। हम प्राथमिव
बात गूढ ये जानो तुम, ज्ञान का पाठ पढना है।
ज्ञान से ये जीवन बदलेगा ,ज्ञान ही अपना गहना है।
विद्यालय मंदिर है अपना, ज्ञानदीप हम बच्चे हैं। हम प्राथमिक .......

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**उम्मीदों के आकार को सदैव बड़ा रखिए चमत्कार किसी भी दिन हो सकता है।**

## 3. शब्द ज्ञान

| | English | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Swing | *स्विंग* | झूलना |
| 2. | Slide | *स्लाइड* | फिसलना |
| 3. | Creep | *क्रीप* | रेंगना |
| 4. | Cling | *क्लिंग* | चिपकना |
| 5. | Climb | *क्लाइम्ब* | चढ़ना |

| हिन्दी | |
|---|---|
| प्रतीक्षा | इंतजार |
| निष्फल | व्यर्थ |
| निष्ठा | श्रध्दा एवं भक्ति |
| सहस्रों | हजारों |
| दृढ़ता | मजबूती |

| संस्कृत | |
|---|---|
| सर्वत्र | सब जगह |
| एकत्र | एक जगह |
| सर्वदा | हमेशा |
| यदा | जब |
| कदा | कब |

| | اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|---|
| 1. | شاد | *Shaad* | प्रसन्न |
| 2. | خارج | *Kharij* | बाहर |
| 3. | مضر | *Mijr* | हानिकारक |
| 4. | مویشی | *Mawesi* | चौपाये |
| 5. | اعتراض | *Aitraaz* | आपत्ति |

## 4. दिवस ज्ञान

**विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह)**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. दादा साहब फाल्के पुरस्कार सर्वप्रथम किसे दिया गया था ? : देविका रानी
2. दादा साहब फाल्के पुरस्कार अभिनेत्री देविका रानी को सर्वप्रथम किस वर्ष दिया गया था ? : 1969
3. दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारत सरकार के किस मंत्रालय द्वारा प्रदान दिया जाता है ? : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
4. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार किसके द्वारा प्रदान किए जाते हैं ? : राष्ट्रपति
5. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न कब दिया गया ? : 2024(मरणोपरांत)

## 6. तर्क ज्ञान

1. विश्व का प्रथम आवासीय विश्वविद्यालय कौन था? : नालंदा विश्वविद्यालय
2. क्षुद्रग्रह किस ग्रह के बीच स्थित है? : मंगल और बृहस्पति के बीच
3. भोजन में प्रोटीन की कमी से कौन सा बीमारी होता है? : क्वाशियोरकर
4. n भुजा वाले बहुभूजों के अंतः कोणों का योग होता है? : (n-2)×90
5. BIRD:DKTF:: GOAT :...? : IQCV

## 7. एकार्थक शब्द

1. ईर्ष्या : दूसरों की खुशी से जलना
2. इत्यादि : दो या दो से अधिक उदाहरणों के बाद इत्यादि का प्र
3. उदाहरण : किसी बात को साबित करने के लिए दिया गया प्रमाण
4. उत्साह : काम के प्रति रुचि का बढ़ना
5. उपाय : किसी समस्या का समाधान मिलना

## 8. प्रेरक प्रसंग

### ख़ानख़ाना की विनम्रता

अब्दुर्रहीम खानखाना हिंदी काव्य जगत के दैदीप्यमान नक्षत्र हैं। उनके दोहे आज भी लोगों के कंठ में जीवित हैं। ऐसा कौन हिंदी-प्रेमी होगा जिसे उनके दस-पाँच दोहे याद न हों। उनके कितने ही दोहे तो लोकोक्तियों की तरह प्रयोग में लाएँ जाते हैं।

खानखाना अकबर के दरबार के सबसे बड़े दरबारी थे और तत्कालीन कोई भी अमीर या उभरा पद-मर्यादा या वैभव में उनसे टक्कर न ले सकता था। किंतु वे बड़े उदार हृदय व्यक्ति थे। स्वयं अच्छे कवि थे और कवियों का सम्मान ही नहीं, उनकी मुक्तहस्त से सहायता करते थे। इतने वैभवशाली, शक्तिमान और विद्वान तथा सुकवि होते हुए भी उनमें सज्जन सुलभ विनम्रता भी थी।

उनकी दानशीलता और विनम्रता से प्रभावित होकर गंग कवि ने एक बार उनसे यह दोहा कहा -
'सीखे कहाँ नवाब जू, ऐसी दैनी दैन।
ज्यों-ज्यों कर ऊँचौं कियौं, त्यों-त्यों नीचे नैन।।'

खानखाना ने बड़ी सरलता से दोहे में ही उतर दिया -
'देनहार कोउ और है, देत रहत दिन-रैन।
लोग भरम हम पै करें, तासों नीचे नैन।।'

रहीम के समान ऊँचे व्यक्ति ही यह उतर दे सकते हैं।

# चेतना सत्र (बुधवार)

चेतना

06 अगस्त 2025 Wednesday बुधवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है |

हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरी रंग भूमि यह विश्व धरा, सब खेल में, मेल में तू ही तो है |
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,

सागर से उठा बादल बनके, बादल से फूटा जल होकर के,
फिर नहर बना नदियाँ गहरी, तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है,
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,

मिट्टी से अणु परमाणु बना, तूने दिव्य जगत का रूप लिया,
फिर पर्वत वृक्ष विशाल बना, सौन्दर्य तेरा तू एक ही है |
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही |

### अभियान गीत

विश्वगुरु भारत हो अपना यह संकल्प हमारा है....
नामांकन हो हर बच्चे का गूँज रहा यह नारा है...
नयी पौध रोपण को अपने विद्यालय को सँवारा है....
कायाकल्प मिशन बेसिक हमने साकार उतारा है...
भौतिक संसाधन हों चाहे श्रेष्ठ प्रशिक्षित मानव श्रम
किसी दृष्टि से नहीं है बेसिक निजी विद्यालय से अब कम..
कमर कस चुका हर एक शिक्षक बना लिया यह पूरा मन
अपने बच्चों की उन्नति में जुटेंगे हम सह तन मन धन
बस समाज से आशा इतनी वह इसमें कुछ योग करें...
राज्य दे रहा हर एक सुविधा आप भी कुछ उद्योग करें...
रोज आयें बच्चे विद्यालय इतना तो सहयोग करें...
आस पास रहे कोई न वंचित सब "ज्ञानामृत भोग" करें...
बिहार के हर एक शिक्षक का अभिभावक को यही वचन
आप अपने बच्चे को भेजें बना देंगे उनका जीवन...

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है।**

## 3. शब्द ज्ञान

| English | | |
|---|---|---|
| Pretty | *प्रीटि* | सुन्दर |
| Reward | *रिवार्ड* | इनाम |
| Thy | *दाई* | तुम्हारा |
| Thou | *दाऊ* | तुम |
| Himself | *हिमसेल्फ* | स्वयं को |

| हिन्दी | |
|---|---|
| स्वप्न | सपना |
| प्रस्थान | कूच |
| संपन्न | पूर्ण होना |
| प्रवृति | आदत |
| अनायास | अचानक |

| संस्कृत | |
|---|---|
| कस्य | किसका |
| अस्य | इसका |
| तव | तुम्हारा |
| भवत: | आपका (पु०) |
| भवत्या: | आपका (स्त्री०) |

| اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|
| بوجھل | *Bojhal* | भारीपन |
| ہوس | *Hawas* | वासना |
| جدوجہد | *Jaddojahad* | चेष्टा |
| رقم | *Raqam* | लिखना |
| مزید | *Majeed* | ज्यादा |

## 4. दिवस ज्ञान

**हिरोशिमा दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. विश्व शांति दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ? : 6 अगस्त
2. हिरोशिमा दिवस प्रत्येक साल किस तिथि को मनाया जाता है ? : 6 अगस्त
3. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ? : 12 अगस्त

4. सद्भावना दिवस प्रत्येक वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ? : 20 अगस्त
5. राष्ट्रीय खेल दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ? : 29 अगस्त

## 6. तर्क ज्ञान

1. जीवक किसके राजवैध थे ? : बिंबिसार के
2. किस पदार्थ के कारण त्वचा का रंग तय होता हैं? : मेलेनिन
3. विद्युत बल्ब का कुंडली बना होता है? : टंगस्टन का
4. दो संख्याओं का गुणनफल बराबर होता है? : L .C .M × H .C .F
5. पिघलना: द्रव:: जमना :....? : ठोस

## 7. लोकोक्तियाँ

1. अन्धों में काना राजा : मूर्खो में कुछ पढ़ा-लिखा व्यक्ति
2. अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता : अकेला आदमी बिना दूसरों के सहयोग के कोई बड़ा
3. अधजल गगरी छलकत जाय : जिसके पास थोड़ा ज्ञान होता हैं, वह उसका प्रदर्शन क
4. अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गई खेत : समय निकल जाने के पश्चात् पछताना व्यर्थ होता है
5. अन्धा क्या चाहे दो आँखें : मनचाही बात हो जाना

## 8. प्रेरक प्रसंग

### नियम सबके लिए है

बात सन १८८५ की है। पूना के न्यू इंग्लिश हाईस्कूल में समारोह हो रहा था। प्रमुख द्वार पर एक स्वयंसेवक नियुक्त था, जिसे यह कर्तव्य-भार दिया गया था कि आनेवाले अतिथियों के निमंत्रण पत्र देखकर उन्हें सभा-स्थल पर यथास्थान बिठा दे। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे मुख्य न्यायाधीश महादेव गोविंद रानडे। जैसे ही वह विद्यालय के द्वार पर पहुँचे, वैसे ही स्वयं सेवक ने उन्हें अंदर जाने से शालीनतापूर्वक रोक दिया और निमंत्रण-पत्र की माँग की।

"बेटे! मेरे पास तो निमंत्रण-पत्र नहीं हैं," रानडे ने कहा।
"क्षमा करें, तब आप अंदर प्रवेश न कर सकेंगे," स्वयंसेवक का नम्रतापूर्ण उत्तर था।
द्वार पर रानडे को देखकर स्वागत समिति के कई सदस्य आ गए और उन्हें अंदर मंच की ओर ले जाने का प्रयास करने लगे। पर स्वयंसेवक ने आगे बढ़कर कहा,
"श्रीमान! मेरे कार्य में यदि स्वागत-समिति के सदस्य ही रोड़ा अटकाएँगे तो फिर मैं अपना कर्तव्य कैसे निभा सकूँगा? कोई भी अतिथि हो उसके पास निमंत्रण-पत्र होना ही चाहिए। भेद-भाव की नीति मुझसे नहीं बरती जाएगी।"

यह स्वयंसेवक आगे चलकर गोपाल कृष्ण गोखले के नाम से प्रसिद्ध हुआ और देश की बड़ी सेवा की।

# चेतना सत्र (गुरुवार)

चेतना

07 अगस्त 2025 Thursday गुरुवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

हे प्रभु ! आनंद दाता !! ज्ञान हमको दीजिये |
शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिये || हे प्रभु...
लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बनें |
ब्रह्मचारी धर्मरक्षक वीर व्रतधारी बनें || हे प्रभु...
निंदा किसीकी हम किसीसे भूल कर भी न करें |
ईर्ष्या कभी भी हम किसीसे भूल कर भी न करें || हे प्रभु .........
सत्य बोलें झूठ त्यागें मेल आपस में करें |
दिव्य जीवन हो हमारा यश तेरा गाया करें || हे प्रभु .........
जाये हमारी आयु हे प्रभु ! लोक के उपकार में |
हाथ ड़ालें हम कभी न भूलकर अपकार में || हे प्रभु .........
कीजिये हम पर कृपा ऐसी हे परमात्मा !
मोह मद मत्सर रहित होवे हमारी आत्मा || हे प्रभु .........
प्रेम से हम गुरुजनों की नित्य ही सेवा करें |
प्रेम से हम संस्कृति की नित्य ही सेवा करें || हे प्रभु...
योगविद्या ब्रह्मविद्या हो अधिक प्यारी हमें |
ब्रह्मनिष्ठा प्राप्त करके सर्वहितकारी बनें || हे प्रभु...

### अभियान गीत

हो जाओ तैयार साथियों हो जाओ तैयार साथियों,
हो जाओ तैयार,
अर्पित कर दो तन मन धन, मांग रही शिक्षा अर्पण,
शिक्षा के जो काम न आए, तो जीवन बेकार,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओं तैयार साथियो ,
हो जाओ तैयार ।।
सोचने का समय गया, उठो लिखो इतिहास नया जवाब ,
उजियाले से दे दो तुम दुनिया को जवाब,
दुनिया को साथियों , ।। दुनिया को जवाब ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।
तूफानी गति रुके नही, पाँव थके पर थमे नही ,
उठे हुए माथे के आगे, ठहर न पाती हार ,
ठहर न पाती हार साथियों, ठहर न पाती हार साथियों ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।
कांप उठे धरती अम्बर,और उठाओ ऊंचा सर ,
कोटि कोटि कंठों से गूंजे, शिक्षा की जयकार ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।.

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**चारों ओर अच्छा देखने के लिए सोच का अच्छा होना जरूरी है।**

## 3. शब्द ज्ञान

| English | | |
|---|---|---|
| Affluent | *ऐफ्लूएंट* | धनवान |
| Copious | *कोपीअस* | बहुत अधिक |
| Assault | *असॉल्ट* | हमला करना |
| Bounty | *बाउंटी* | उपहार |
| Haggle | *हैगल* | झंझट करना |

| हिन्दी | |
|---|---|
| अनुमति | आज्ञा |
| न्यायसंगत | न्यायपूर्ण |
| संकल्प | शपथ |
| शोक | दु:ख |
| प्रयास | कोशिश |

| संस्कृत | |
|---|---|
| अवयव: | अंग |
| उर्मिका | अंगुठा |
| गत्रामार्जनि | अङ्गोचा |
| दुर्भिक्षं | अकाल |
| चेत् | अगर |

| اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|
| ولی عہد | *Wali ahad* | युवराज |
| نظربند | *Najarband* | कैदी |
| سرگرم | *Sargram* | तत्पर |
| گوشہ | *Gusha* | एकांत |
| مادر | *Madar* | माता |

## 4. दिवस ज्ञान

**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. मृत्युदंड को समाप्त करने वाला पहला देश कौन सा है ? : वेनेज़ुएला
2. महिलाओं को मताधिकार देने वाला प्रथम देश कौन है ? : न्यूजीलैंड
3. सूचना का अधिकार लागू करने वाला पहला देश कौन सा है ? : स्वीडन
4. परिवार नियोजन लागू करने वाला पहला देश कौन सा है ? : भारत
5. पशुओं के अधिकारों को संवैधानिक मान्यता देने वाला पहला देश कौन सा है ? : स्विट्जरलैंड

## 6. तर्क ज्ञान

1. इनमें से अलग क्या है ? शेर, बाघ, हिरण, लोमड़ी : हिरण
2. खरीफ फसल है चना,गेहूं, बाजरा , दाल : बाजरा
3. दाल रवी/खरीफ फसल है ? : रवी फसल
4. खरीफ फसल कब लगाया जाता है ? : जून,जुलाई
5. 100 का 75 प्रतिशत है ? : 75

## 7. पर्यायवाची

1. अश्व : हय, तुरंग, घोड़ा, घोटक, हरि, तुरग, वाजि, सैन्धव
2. अतिथि : मेहमान, अभ्यागत, आगन्तुक, पाहूना
3. अनादर : अपमान, अवज्ञा, अवहेलना, अवमानना, परिभव, तिर
4. आकाश : आसमान, गगन, फलक, नभ, व्योम
5. अजीब : अदभुत, अनोखा, विचित्र, विलक्षण

## 8. प्रेरक प्रसंग

### चोट सही जाती है, कही नहीं जाती

केदारनाथ का मार्ग सौंदर्य की दृष्टि से जितना अप्रतिम है, चढ़ाई की दृष्टि से उतना ही बीहड़। सौंदर्य सदा काँटों के बीच ही सुरक्षित रहता है।

मार्ग बीहड़ है तो चोट भी बहुत लगती है। वह स्वयं अपनी चोटें देखकर चकित हुआ है। कैसे पैदा होता है अमिट साहस और विश्वास, यह वह उस दिन जान सका जब उसने एक वृद्धा को देखा। एक चट्टान पर से लुढ़क जाने के कारण काफ़ी चोटें आई थीं। पैदल चलना असंभव था।

उनके साथ कई आदमी थे, सहारा दिया। उनके ज़ख़्म साफ़ किए, दवा लगाई, खाने की दवा दी और उसके बाद उन्हें एक कंडी पर बैठाया। पट्टियाँ बँधी थीं। पीड़ा कभी-कभार कसक उठती थी, पर वह सदा की तरह शांत और हँसमुख बनी रही। सबसे उसी तरह प्यार से बातें करती रहीं।

अपने साथियों के साथ वह भी उनके पास गया। शिष्टाचारवश बड़ी विनम्रता से उसने कहा, "माताजी, आपको तो बहुत चोट लगी है, फिर भी आप. . ."

बात काटकर वे प्यार से बोलीं, "बेटे! तीर्थों में चोट सही जाती है, कही नहीं जाती।"

# चेतना सत्र (शुक्रवार)

चेतना

08 अगस्त 2025 Friday शुक्रवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

लब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी !
ज़िंदगी शमा की सूरत हो ख़ुदाया मेरी !!

दूर दुनिया का मेरे दम से अंधेरा हो जाए !
हर जगह मेरे चमकने से उजाला हो जाए !!

हो मेरे दम से यूं ही मेरे वतन की ज़ीनत !
जिस तरह फूल से होती है चमन की ज़ीनत !!

ज़िंदगी हो मिरी परवाने की सूरत या-रब !
इल्म की शमा से हो मुझ को मोहब्बत या-रब !!

हो मेरा काम ग़रीबों की हिमायत करना !
दर्द-मंदों से ज़ईफ़ों से मोहब्बत करना !!

मेरे अल्लाह! बुराई से बचाना मुझ को !
नेक जो राह हो..! उस रह पे चलाना मुझ को !!

### अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**जिंदगी में आया बुरा वक्त अच्छे लोगों से मिलवाने का अवसर होता है।**

## 3. शब्द ज्ञान

**English**

| | | |
|---|---|---|
| Begin | *बिगिन* | शुरु करना |
| Do | *डू* | करना |
| Draw | *ड्रा* | खींचना |
| Drink | *ड्रिंक* | पीना |
| Drive | *ड्राइव* | चलाना |

**हिन्दी**

| | |
|---|---|
| प्रतिरूप | छाया |
| रिपु | शत्रु |
| अत्यंत | बहुत अधिक |
| अंदेशा | शक, संदेह |
| इम्तिहान | परीक्षा,जाँच |

**संस्कृत**

| | |
|---|---|
| संधितम् | आचार |
| अक्षवाटह: | अखारा |
| अङ्गुलय: | अंगुठा |
| अक्षोट: | अखरोट |
| प्राय: | अक्सर |

**اردو (उर्दू)**

| | | |
|---|---|---|
| عزم | *Azam* | संकल्प |
| استقلال | *Estaqlal* | स्थिरता |
| خوف | *Khauf* | डर |
| بیوہ | *Bewa* | विधवा |
| صفت | *Sifat* | प्रशंसा |

## 4. दिवस ज्ञान

**भीष्म साहनी का जन्म दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. धूम्रपान पर पाबंदी लगाने वाला पहला देश कौन सा है ? : आयरलैंड

2. भारत के साथ नागरिक परमाणु समझौता करने वाला पहला देश कौन सा है ? : फ्रांस
3. राष्ट्रीय गान प्रारंभ करने वाला पहला देश कौन सा है? : जापान
4. बुक प्रिंट करने वाला प्रथम देश : चीन
5. संविधान निर्माण करने वाला प्रथम देश : अमेरिका

## 6. तर्क ज्ञान

1. सोने के उस वस्तु का नाम बताएं जो सुनार के यहां नहीं मिलती : चारपाई
2. अरूण टीना के पिता हैं तो अरूण टीना के पिता के क्या है : नाम
3. वह क्या है जो वर्ष और शनिवार में सिर्फ एक बार आता : व
4. वह कौनसा फल है जिसका बीज फल से बाहर : स्ट्राबेरी
5. अंग्रेजी का ऐसा कौन शब्द है, जो डेढ़ किलो मीटर लंबा है? : Mile (मील)

## 7. एकार्थक शब्द

1. अपराध : किसी सामाजिक नियम का उल्लंघन करना
2. अभिनेत्री : रंगमंच पर किरदार निभाने वाली स्त्री
3. अधिक : आवश्यकता से ज्यादा होना
4. आयु : सम्पूर्ण जीवन की अवधि
5. आज्ञा : किसी आदरणीय व्यक्ति द्वारा दिया गया आदेश

## 8. प्रेरक प्रसंग

### दीपों की बातें

एक बार की बात है, दीपावली की शाम थी, मैं दिये सजा ही रहा था कि एक ओर से दीपों के बात करने की आवाज़ सुनाई दी।

मैंने ध्यान लगा कर सुना। चार दीपक आपस में बात कर रहे थे। कुछ अपनी सुना रहे थे कुछ दूसरों की सुन रहे थे। पहला दीपक बोला, 'मैं हमेशा बड़ा बनना चाहता था, सुंदर, आकर्षक और चिकना घड़ा बनना चाहता था पर क्या करूँ ज़रा-सा दिया बन गया।'

दूसरा दीपक बोला, 'मैं भी अच्छी भव्य मूर्ति बन कर किसी अमीर के घर जाना चाहता था। उनके सुंदर, सुसज्जित आलीशान घर की शोभा बढ़ाना चाहता था। पर क्या करूँ मुझे कुम्हार ने छोटा-सा दिया बना दिया।'
तीसरा दीपक बोला, 'मुझे बचपन से ही पैसों से बहुत प्यार है काश मैं गुल्लक बनता तो हर समय पैसों में रहता।'

चौथा दीपक चुपचाप उनकी बातें सुन रहा था। अपनी बारी आने पर मुस्करा कर अत्यंत विनम्र स्वर में कहने लगा, 'एक राज़ की बात मैं आपको बताता हूँ, कुछ उद्देश्य रख कर आगे पूर्ण मेहनत से उसे हासिल करने के लिए प्रयास करना सही है लेकिन यदि हम असफल हुए तो भाग्य को कोसने में कहीं भी समझदारी नहीं हैं। यदि हम एक जगह असफल हो भी जाते हैं तो और द्वार खुलेंगे। जीवन में अवसरों की कमी नहीं हैं, एक गया तो आगे अनेक मिलेंगे। अब यही सोचो, दीपों का पर्व - दिवाली आ रहा है, हमें सब लोग खरीद लेंगे, हमें पूजा घर में जगह मिलेगी, कितने घरों की हम शोभा बढ़ाएँगे। इसलिए दोस्तों, जहाँ भी रहो, जैसे भी रहो, हर हाल में खुश रहो, द्वेष मिटाओ। खुद जलकर भी दूसरों में प्रकाश फैलाओ, नाचो गाओ, और खुशी-खुशी दिवाली मनाओ।'

# संविधान

चेतना

04 अगस्त 2025 Monday सोमवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!*
*सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,*
*शस्यश्यामलाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्!*
*शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,*
*फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,*
*सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्,*
*सुखदाम् वरदाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्॥*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. *समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)*
2. *स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)*
3. *शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)*
4. *धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)*
5. *संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)*
6. *संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)*




## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. *संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।*
2. *स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।*
3. *भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।*
4. *देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।*
5. *भारत के लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।*
6. *हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।*
7. *वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।*
8. *मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।*
9. *सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।*
10. *व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।*
11. *6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)*

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

# समय सारणी पाठ टीका

04 अगस्त 2025 Monday सोमवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-स्था 'ख'-68/2024/2444 दिनांक :- 21/11/2024 ज्ञापांक : 01/मा०शि०-68/24/664 दिनांक :- 04/04/2025

| समय | | 09:30 - 10:00 | 10:00 - 10:40 | 10:40 - 11:20 | 11:20 - 12:00 | 12:00 - 12:40 | 12:40 - 01:20 | 01:20 - 02:00 | 02:00 - 02:40 | 02:40 - 03:20 | 03:20 - 04:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 06:30 - 07:00 | 07:00 - 07:40 | 07:40 - 08:20 | 08:20 - 09:00 | 09:00 - 09:40 | 09:40 - 10:20 | 10:20 - 11:00 | 11:00 - 11:40 | 11:40 - 12:20 | 12:20 - 12:30 |
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | | चौथी | पंचमी | छठी | सप्तमी | आठमी |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 2 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 3 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 4 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 5 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 6 | | | गणित | अंग्रेजी | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि |
| 7 | | | सामाजिक विज्ञान | गणित | अंग्रेजी | | विज्ञान | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि |
| 8 | | | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | गणित | | अंग्रेजी | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य | खेल गतिविधि |

नोट:- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घंटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

## पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक | घंटी | कक्षा | विषय | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी | कृष्णपट-कार्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | Period | Class | Subject | Brief notes on lessons proposed | Black Board work | Remarks |
| 04 अगस्त 2025 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

# दैनिक शैक्षणिक कैलेण्डर (वर्ग I - V)

चेतना

| 04 अगस्त 2025 | Monday | सोमवार | समस्तीपुर | 04-Aug-2025 | से | 09-Aug-2025 | वर्ष | 03 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| विषय | किताब का नाम | भाग | पाठ संख्या | पाठ का नाम | विधा | लेखक / स्रोत | पृष्ठ संख्या | घंटियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कक्षा - I** | | | | | | | | |
| हिंदी | नव अंकुर | 1 | 6 | चिड़िया घर का सैर | चित्र कहानी | | 28-33 | 12 |
| English | NEW BLOSSOM | 1 | 9 | Let's Learn D, E, F | | | 27 | 6 |
| गणित | गणित | | 4 | बार-बार जोड़ | | | 73-79 | 12 |
| उर्दू | | | | | | | | |
| **कक्षा - II** | | | | | | | | |
| हिंदी | नव अंकुर | 2 | 7 | हां जी हां, ना जी ना! | कविता | | 28-31 | 12 |
| English | New BLOSSOM | II | 8 | On and In | | | 34-36 | 11 |
| गणित | गणित | | 4 | गुणा और भाग | | | 62-75 | 21 |
| उर्दू | | | | | | | | |
| **कक्षा - III** | | | | | | | | |
| हिंदी | कोंपल | 1 | 9 | तिरंगा | कविता | | 33-36 | 8 |
| English | BLOSSOM | III | 7 | The Tiger and The Mosquito | | | 37-41 | 12 |
| गणित | गणित | | 4 | गुणा | | | 46-53 | 21 |
| पर्यावरण और हम | पर्यावरण और हम | 1 | 9 | पकायेंगे - खायेंगे | | | 45-47 | 4 |
| उर्दू | | | | | | | | |
| **कक्षा - IV** | | | | | | | | |
| हिंदी | कोंपल | 2 | 9 | हमारा आहार | कविता | पाठ्य पुस्तक विकास समिति | 34-37 | 8 |
| English | BLOSSOM | IV | 7 | THE QUARREL | | | 47-51 | 10 |
| गणित | गणित | | 7 | मुद्रा | | | 44-52 | 9 |
| पर्यावरण और हम | पर्यावरण और हम | 2 | 11 | आओ बनाएं नक्शा | | | 52-57 | 8 |
| उर्दू | | | | | | | | |
| **कक्षा - V** | | | | | | | | |
| हिंदी | कोंपल | 3 | 10 | आया बादल | कविता | अखिलेश्वर नाथ त्रिपाठी | 63-66 | 5 |
| English | BLOSSOM | V | 8 | THE ARAB AND HIS CAMEL | | | 54-60 | 11 |
| गणित | गणित | 3 | 6 | मुद्रा एवं बैंकिंग | | | 62-74 | 11 |
| पर्यावरण और हम | पर्यावरण और हम | 3 | 9 | मैंने नक्शा बनाया | | | 58-62 | 8 |
| उर्दू | | | | | | | | |

# पीएम पोषण योजना

चेतना

04 अगस्त 2025 Monday सोमवार 04-Aug-2025 से 09-Aug-2025 वर्ष 04

***पीएम पोषण योजना का मेनू : -***

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| ~~04-Aug-2025~~ | ~~सोमवार~~ | ~~चावल + मिश्रित दाल तड़का (हरी सब्जी युक्त)~~ |
| 05-Aug-2025 | मंगलवार | चावल + सोयाबीन आलू की सब्जी |
| 06-Aug-2025 | बुधवार | चावल लाल चना का छोला (अल्प मात्रा में आलू युक्त) |
| 07-Aug-2025 | गुरुवार | चावल मिश्रित दाल तड़का (हरी सब्जी युक्त) |
| 08-Aug-2025 | शुक्रवार | चावल लाल चना का छोला (अल्प मात्रा में आलू युक्त) + एक सम्पूर्ण उबला अंडा (जो बच्चा अण्डा नहीं खाना पसंद करते है केवल उनके लिए ही मौसमी फल 100 ग्राम वजन के समतुल्य सेव या केला। |
| ~~09-Aug-2025~~ | ~~शनिबार~~ | ~~खिचड़ी (हरी सब्जी युक्त) + चोखा~~ |

***पीएम पोषण योजना :-***

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

> ***बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।***
> ***बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।***
> ***बच्चों के बीच सामाजिक समता।***
> ***बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।***
> ***बच्चों के छीजन में कमी।***
> ***नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।***
> ***बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।***

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-12-2024 से प्रभावित)**

| कक्षा 01 से 05 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 20 Gram | 120.00 | 2.40 |
| सब्जी | 50 Gram | 28.00 | 1.40 |
| तेल | 5 Gram | 160.00 | 0.80 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.68 |
| जलावन | 100 Gram | 15.00 | 1.50 |
| | | कुल = | **6.78** |

| कक्षा 06 से 08 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 30 Gram | 120.00 | 3.60 |
| सब्जी | 75 Gram | 28.00 | 2.10 |
| तेल | 7.5 Gram | 160.00 | 1.20 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 1.02 |
| जलावन | 150 Gram | 15.00 | 2.25 |
| | | कुल = | **10.17** |

## (बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्)

**द्वारा**

## संचालित "समझे - सीखें", गुणवत्ता शिक्षा कार्यक्रम के बीस सूचक -

1. *विद्यालय समय से खुलना एवं बंद होना।*
2. *समय से चेतना सत्र का आयोजन।*
3. *हर एक बच्चा एवं शिक्षक विद्यालय के समय विद्यालय में उपस्थित।*
4. *हर एक बच्चा एवं हर एक शिक्षक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में तल्लीन।*
5. *शिक्षकों को बच्चे के शैक्षिक स्तर की जानकारी एवं उसका संधारण।*
6. *सतत एवं व्यापक मूल्यांकन।*
7. *कक्षा एक के लिए विशिष्ट रूप से निर्धारित पूर्णकालिक शिक्षक।*
8. *विद्यालय के सभी कक्षाओं में श्यामपट्ट का पूर्ण उपयोग।*
9. *सभी कक्षाओं में दैनिक शिक्षण-तालिका की उपलब्धता तथा उपयोग।*
10. *अंतिम घंटी में खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक गतिविधियां।*
11. *विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए कहानी की किताबें, खेल सामग्री आदि का उपयोग।*
12. *मेनू के अनुसार मध्याहन भोजन का दैनिक वितरण।*
13. *सक्रिय बाल-संसद तथा मीना मंच।*
14. *साफ-सुथरे बच्चे तथा साफ-सुथरा विद्यालय।*
15. *उपलब्ध पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयों का उपयोग।*
16. *विद्यालय परिसर में बागवानी।*
17. *विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए अनुदानों का उपयोग।*
18. *सभी बच्चों के पास अपनी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध।*
19. *विद्यालय प्रबंध समिति की नियमित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा।*
20. *विद्यालय में साप्ताहिक कक्षावार शिक्षक अभिभावक की नियमित बैठक।*



# चेतना


टीचर्स ऑफ़ बिहार

समस्तीपुर

पिन - 848207 (बिहार)

Mobile : 9473119007
7250818080

email : chetanastr@gmail.com

Website : www.teachersofbihar.org


**Follow Us**

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar